षोडश बिहार विधान सभा

द्वितीय सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-01 बृहस्पतिवार, दिनांक- 25 फरवरी, 2016 ई० ।

मानतीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 01.15 बजे अप० तक ।

[1] अध्यक्ष द्वारा प्रारम्भिक सम्बोधन :- (यथा संलग्न)

[2] महामहिम राज्यपाल का संदेश :-

मानतीय अध्यक्ष महोदय ने महामहिम राज्यपाल से प्राप्त संदेश से सदन को अवगत कराया- ''भारत के संविधान के अनुच्छेद 176 के खण्ड (1) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैं, राम नाथ कोविन्द, बिहार का राज्यपाल, एतद् द्वारा एक साथ समवेत बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों को, दिनांक 25 फरवरी, 2016 को 11.30 बजे पूर्वाह्न में सम्बोधित करना चाहता हूँ और बिहार विधान सभा वेश्म, पटना में सदस्यों की उपस्थिति चाहता हूँ ।

पटना — ह०/- राम नाथ कोविन्द

दिनांक-28 जनवरी, 2016 — राज्यपाल, बिहार ।''

तदुपरांत माननीय अध्यक्ष महोदय सभा की अनुमति से महामहिम राज्यपाल का स्वागत कर सदन में बुलाने के लिए सदन से बाहर गए । इस दौरान सभा में बिहार विधान परिषद के माननीय सदस्यगण आए । इस बार माननीय अध्यक्ष एवं माननीय सभापति के साथ माननीय मुख्यमंत्री एवं माननीय मंत्री, संसदीय कार्य विभाग भी महामहिम राज्यपाल की शोभायात्रा में शामिल होकर सदन में आये तथा उनके आसन ग्रहण करने के पूर्व राष्ट्रीय धुन बजाया गया ।

महामहिम राज्यपाल ने दोनों सदनों के सदस्यों को सम्बोधित किया ।

महामहिम राज्यपाल महोदय के भाषण की समाप्ति के पश्चात् पुनः राष्ट्रीय धुन बजाया गया । इसके बाद माननीय अध्यक्ष महोदय तथा माननीय सभापति महोदय, बिहार विधान परिषद्, महामहिम राज्यपाल महोदय को सदन से बाहर तक विदा करने गए । इस दौरान बिहार विधान परिषद के माननीय सदस्यगण सदन से वापस गए ।

महामहिम राज्यपाल महोदय को विदा करने के पश्चात् माननीय अध्यक्ष महोदय ने पुनः आसन ग्रहण किया ।

[3] <u>अभ्यासी सदस्यों का मनोनयन</u> :-

मानीय अध्यक्ष महोदय ने षोडश बिहार विधान सभा के द्वितीय सत्र के लिए निम्नांकित माननीय सभासदों को अभ्यासी सदस्य मनोनित किया :-

(i) श्री हरि नारायण सिंह
(ii) श्री इलियास हुसैन
(iii) श्री राम नारायण मंडल
(iv) श्री (डा०) अशोक कुमार
(v) श्रीमती लेशी सिंह

[4] <u>कार्यमंत्रणा समिति का गठन</u> :-

माननीय अध्यक्ष महोदय ने षोडश बिहार विधान सभा के द्वितीय सत्र के लिए निम्न प्रकार कार्य मंत्रणा समिति का गठन किया :-

(i)	अध्यक्ष, बिहार विधान सभा	सभापति
(ii)	श्री नीतीश कुमार, मुख्यमंत्री	सदस्य
(iii)	श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, उप मुख्यमंत्री	सदस्य
(iv)	श्री श्रवण कुमार, मंत्री, संसदीय कार्य	सदस्य
(v)	श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी, मंत्री	सदस्य
(vi)	श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, मंत्री	सदस्य
(vii)	श्री प्रेम कुमार, नेता विरोधी दल	सदस्य
(viii)	श्री सदानन्द सिंह, स०वि०स०	सदस्य

<u>विशेष आमंत्रित सदस्य</u>

(i) श्री अरूण कुमार सिन्हा, स०वि०स०
(ii) श्री महबूब आलम, स०वि०स०
(iii) श्री ललन पासवान, स०वि०स०
(iv) श्री राज कुमार साह, स०वि०स०

नियमानुसार अध्यक्ष, इस समिति के सभापति एवं सभा सचिव इसके सचिव होंगे ।

[5] <u>कार्यमंत्रणा समिति की बैठक</u> :-

आसन से घोषणा की गयी कि सदन की बैठक समाप्ति के बाद उनके कार्यालय कक्ष में कार्यमंत्रणा समिति की बैठक होगी ।

[6] <u>राज्यपाल द्वारा प्रख्यापित अध्यादेशों की प्रमाणीकृत प्रतियों का प्रभारी मंत्री द्वारा सभा पटल पर रखा जाना</u> :-

(i) माननीय प्रभारी मंत्री, श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा "बिहार मूल्य वर्द्धित कर अध्यादेश, 2016" की प्रति को सदन पटल पर रखा गया ।

(ii) माननीय प्रभारी मंत्री, श्री कपिलदेव कामत द्वारा "बिहार पंचायत राज (संशोधन) अध्यादेश, 2016" की प्रति को सदन पटल पर रखा गया ।

[7] <u>आर्थिक सर्वेक्षण का उपस्थापन</u> :-

माननीय प्रभारी मंत्री, श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी द्वारा वर्ष 2015-16 के आर्थिक सर्वेक्षण की प्रति को सदन पटल पर रखा गया ।

[8] <u>अनुमत विधेयक का सभा पटल पर रखा जाना</u> :-

सभा सचिव द्वारा बिहार विधान सभा में उद्भूत तथा बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों द्वारा यथापारित विधेयक के विवरण को सभा पटल पर रखा गया ।

	विधेयक का नाम	अनुमति की तिथि
(i)	बिहार विनियोग (संख्या-4) विधेयक, 2015	08.12.2015

[9] <u>शोक प्रकाश</u> :-

माननीय अध्यक्ष महोदय ने निम्नांकित जननायकों के निधन पर शोक प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की चिर शांति एवं शोकाकुल परिवार को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की ।

(i) स्व० बृज किशोर सिंह, पूर्व स०वि०स०
(ii) स्व० राम बहादुर राय , पूर्व स०वि०स०
(iii) स्व० अनूप खान, पूर्व सदस्य
(iv) स्व० मोरन सिंह पुरती, पूर्व सदस्य लोक सभा
(v) स्व० सुशीला हांसदा, पूर्व सदस्या
(vi) स्व० प्रयाग चौधरी, पूर्व मंत्री, बिहार सरकार
(vii) स्व० चंडी प्रसाद, पूर्व स०बि०प०
(viii) स्व० फूल चंद राम, पूर्व सदस्य
(ix) स्व० भलेश चन्द्र प्रसाद, पूर्व सदस्य
(x) स्व० केदार पासवान, पूर्व सदस्य लोक सभा

तदुपरांत सभी माननीय सदस्यों ने एक मिनट मौन खड़े होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की ।

माननीय अध्यक्ष महोदय ने निदेश दिया कि शोक संवेदना सम्बन्धित शोकाकुल परिवारों के पास मेरे एवं सदन की ओर से भेज दिया जाय ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक शुक्रवार, दिनांक-26 फरवरी, 2016 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-25.02.2016

राजीव कुमार
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।